नया इंडिया
राजस्थान भीलवाड़ा
भीलवाड़ा | शनिवार | 8 जून 2024 | पेज-2

मानसून के मद्देनजर ''मिशन मोड'' पर कार्य करें विभाग : मेहता

जिला कलक्टर ने नालों की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र
जल भराव के संभावित क्षेत्रों का अवलोकन और नालों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने जिला कलक्टर नमित मेहता शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। इस दौरान सभापति राकेश पाठक, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल, नगर परिषद आयुक्त हेमाराम चौधरी, प्रशिक्षु आई.ए.एस. भारत मीणा, नगर परिषद एक्सईन सूर्यप्रकाश संचेती, एसई यूआईटी योगेश माथुर सहित अन्य अधिकारी भी साथ रहे। शहर के बड़े नालो, जिनमें मानसून के दौरान पानी का काफी फ्लों रहता है तथा ओवरफ्लों के कारण कॉलोनियों में पानी भर जाता है। बारिश से पूर्व समय रहते तात्कालिक होने वाले कार्यों को पूरा किए जाने तथा आगामी समय में राहत के लिए नालों की चौड़ाईकरण, पाइप लाईन डाले जाने के कार्य प्रस्तावित किए जाने के लिए यह निरीक्षण किया गया। जिला कलक्टर ने बरसात के मौसम के मद्देनजर इस कार्य को मिशन मोड पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निकाय द्वारा संसाधन बढ़ाए जाएं और इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग हो, इसके लिए अधिक से अधिक टीम गठित की जाएं। जिला कलक्टर ने रोडवेज बस स्टैंण्ड के नजदीक स्थित नाले से अपना निरीक्षण प्रारम्भ किया। मेहता ने सामुदायिक भवन विजय सिंह पथिक नगर, सांगानेर रोड़, नारायणी माता सर्किल के नजदीक के जा रहे नाले, चित्रकूट नगर तथा सांगानेरी गेट स्थित नालों का अवलोकन किया। जिला कलक्टर ने रोडवेज बस स्टैंण्ड से गुजर रहे नालें की चौड़ाईकरण के लिए यूआईटी के अधिकारी को प्रस्ताव बनाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए। मेहता ने मानसून पूर्व जल भराव वालें क्षेत्रों में की जाने वाले आवश्यक प्रबंध के संबंध में यूआईटी तथा नगर परिषद के अधिकारियों से जानकारी ली। नारायणी माता सर्किल के नजदीक से गुजर रहे नाले की बाउंड्री करवाने के दिशा-निर्देश दिए ताकि नालें की चौड़ाई कम न हो। नालों के आसपास के अतिक्रमण के हटाए जाने के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने नगर विकास न्यास तथा नगर परिषद के अधिकारी को आपसी समन्वय बनाए रखने तथा मानसून पूर्व ही आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति कर सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के संबंध में दिशा निर्देश दिए।

सघन वन क्षेत्र के लिए स्थल चिन्हित

भीलवाड़ा। नगर परिषद भीलवाड़ा द्वारा परिषद क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण हेतु स्थल का चिन्हीकरण किया गया है इस हेतु परिषद सभापति राकेश पाठक, आयुक्त हेमाराम चौधरी, पर्यावरणविद विनोद मेलाना की टीम ने स्थल का निरीक्षण किया परिषद सभापति पाठक ने बताया कि परिषद क्षेत्र में 1 लाख पौधे लगाए जाने हेतु मियावकी पद्धति पर परिषद द्वारा पांच स्थानों पर सघन वन क्षेत्र हेतु चिन्हीकरण किया गया है । आयुक्त चौधरी ने बताया कि उक्त सघन वृक्षारोपण मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित परिषद भूमि, ट्रेंचिंग ग्राउंड कीर खेड़ा सांगानेर, मोदी ग्राउंड मैदान ,परिषद का जमुना विहार कॉइन हाउस, घाटा रानी माताजी बड़ा पार्क पर किया जाएगा इसके अलावा परिषद के विभिन्न पार्कों ,शहर के मुख्य मार्ग, शहर के शमशान /कब्रिस्तान ,शहर के विभिन्न खेल मेंदानों में किया जाएगा वृक्षारोपण हेतु परिषद द्वारा वायर फेंसिंग करवाई जाकर पौधे लगाए जाएंगे एवं निविदा आमंत्रित की जाकर 3 वर्ष तक उनकी देखरेख की जाएगी इस कार्य हेतु अपना संस्थान द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जाएगा।

पता पूछने के बहाने महिला के गहने लूट ले गए बदमाश

भीलवाड़ा। जिले में चोरी, लूट व अन्य आपराधिक घटनाओं में लगातार इजाफा होता जा रहा है। आमजन मकान को सूना नहीं छोड़ पा रहे है तो घर के बाहर बैठना व सुनसान सडक से गुजरना भी खतरे से खाली नहीं। शुक्रवार सुबह भी जिले में दो जगह लूट की वारदाते हो गई। आसींद के कटार गांव में महिला के साथ और करेड़ा में अधेड़ के साथ छीना छपटी कर लुटेरे मोबाइल व आभूषण ले भागे। जानकारी के अनुसार आसींद थाना क्षेत्र के कटार ग्राम में शुक्रवार सुबह घर के बाहर बैठी वृद्धा दाखीदेवी पत्नी बालूराम गुर्जर को बाइक पर आए दो लोगों ने किसी गांव का पता पूछा वह कुछ बोलती इस बीच मौका पाकर दोनों ने बाली की सोने की नथ छीन ली और बाइक पर फरार हो गए।

फटाफट

सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने के लिए 30 तक करवाये सत्यापन

भीलवाड़ा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत सभी पेंशन योजना के लाभार्थियों का प्रतिवर्ष दिसम्बर माह में वार्षिक सत्यापन करवाया जाना आवष्यक होता हैं। परन्तु जिले में अब तक 42 हजार 451 पेंशनर्स द्वारा वार्षिक सत्यापन नहीं करवाया गया हैं। वार्षिक सत्यापन नहीं करवाए जाने की स्थिति में पेंशन का भुगतान की प्रक्रिया को रोका जा सकता है। सभी सामाजिक सुरक्षा पेंषनर्स जिन्होंने अब तक अपना वार्षिक सत्यापन नहीं करवाया है, वे नजदीकी ई-मित्र कियोस्क, राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ई-मित्र प्लस आदि केन्द्रों पर जाकर सभी पेंशनर स्वयं का वार्षिक सत्यापन आवश्यक रूप से करवा लेवे। उप निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना के लाभार्थी पेंशनर्स फेस रिकॉग्निशन ऐप द्वारा घर बैठे सत्यापन करवा सकते है। ई-मित्र केन्द्र पर जाकर अंगूठे की बायोमेट्रिक पहचान से सत्यापन, उपखण्ड अधिकारी अथवा खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में पेंशनर के आधार नम्बर में दर्ज मोबाईल नम्बर पर ओटीपी के माध्यम से इसके साथ ही बायोमेट्रिक नहीं होने पर, आधार से मोबाईल नम्बर लिंक नहीं होने पर, फेस रिकॉग्निषन ऐप्प में फेस स्केन नहीं होने की स्थिति में उपखण्ड अधिकारी या खण्ड विकास अधिकारी के आधार नम्बर में दर्ज मोबाईल नम्बर पर ओटीपी के माध्यम से अपना वार्षिक सत्यापन करवा सकते है।

अवैध नल कनेक्शनों पर की कार्यवाही

बनेड़ा। अवैध नल कनेक्शन व पाइप लाइन से छेड़छाड़ कर खेत पिलाई करने वाले व्यक्तियों पर ग्राम पंचायत बबराणा द्वारा गुरुवार को अभियान चलाया गया। जिसमें ग्राम पंचायत बबराणा ने अवैध नल कनेक्शनों पर कार्रवाई करते हुए 70 व्यक्तियों को अवैध नल कनेक्शन के लिए नोटिस थमाएं हैं। ग्राम विकास अधिकारी त्रिलोक सिंह चैधरी ने बताया कि ग्राम पंचायत बबराणा में पेयजल आपूर्ति बाधित होने की लगातार मिल रही शिकायतों के खिलाफ ग्राम पंचायत बबराणा द्वारा यह चम्बल परियोजना के अधिकारियों के साथ मिलकर के अवैध नल कनेक्शन लेने वालें व पाईप लाईन से छेड़छाड़ कर पेयजल आपूर्ति को बाधित करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की गई है।

पानी, बिजली, चिकित्सा सहित परखी अन्य सुविधाएं

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र
जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देश पर शुक्रवार को उपखंड अधिकारी, तहसीलदार तथा विकास अधिकारी की टीमों ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ अभियान के तौर पर शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न जोन में पेयजल आपूर्ति, विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ विद्युत की निर्बाध रूप से सप्लाई तथा सामुदायिक तथा प्राथमिक चिकित्सा संस्थान में चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सा संस्थान में दिए जा उपचार, दवाओं की उपलब्धता की भी जांच की तथा रोगियों व उनके परिजनों से फीडबैक लिया। इसके अतिरिक्त अधिकारियों ने जल जीवन मिशन की साइट पर किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन एवं जल संरक्षण के कार्यों को भी देखा। अधिकारियों ने शहर के विभिन्न भागों में संचालित ई मित्र केन्द्रों का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ई-मित्र कियोस्क धारकों को आवेदनकर्ताओं से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूल नही करने की हिदायत दी गयी। अधिकारियों ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ ब्लॉक लेवल पर पौधारोपण अभियान की तैयारी की भी समीक्षा की।

भीलवाडा की ईरम की नीट में ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक

720 में से 720 नंबर, अब एम्स में एडमिशन की तैयारी

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र
बचपन में डॉक्टर सेट खिलौने से खेलने वाली हमारी बेटी इरम काजी ने देश भर में भीलवाड़ा का मान बढ़ाया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) अंडर ग्रेजुएट-2024 में इरम ने ऑल इंडिया फस्ट रैंक हासिल की। उसने 720 में से 720 नंबर लेकर नीट टॉप किया। अब उसका लक्ष्य एम्स दिल्ली से डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करना है। भीलवाड़ा के सुभाष नगर में रहने वाली 18 वर्षीय इरम काजी ने बताया कि वह जब छठी में थी, तब से ही बायोलॉजी में इंटरेस्ट था। लोगों की मदद करने की भावना रहती थी। सातवीं में आई तो डॉक्टर बनने का सपना देखने लगी। उसके पिता मेजा राउमावि के कार्यवाहक प्रिंसीपल इरशाद आलम काजी और माता गृहिणी रुबिना काजी ने भी बेटी के सपनों को उडने के लिए पंख दिए। इरम का फोकस अब अपने लक्ष्य पर था। वह बचपन में खेलती भी थी तो डॉक्टर सेट के खिलौनों से। सीबीएसई दसवीं में 97 व बारहवीं में 97.80 परसेंट लाने वाली इरम ने रोज 14 घंटे पढ़ाई की। सुबह चार बजे उठ जाती। जयपुर में आकाश इंस्टीट्यूट से कोचिंग के अलावा हॉस्टल में भी रेगुलर पढ़ाई की। रोज टास्क तय करती। कभी एक चैप्टर पूरा होने पर तो कभी दो-तीन चैप्टर पूरे कर 5-15 मिनट तक ब्रेक लेती। कभी पढ़ाई का स्ट्रेस होता तो रिलेक्स होने के लिए पुराने फिल्मी गाने सुनती। फिर पढ़ाई शुरू। यह क्रम रोज रात 11 बजे तक रहता। मम्मी-पापा का पूरा सपोर्ट मिला। कभी टेस्ट में कम नंबर आए तब भी डांटा नहीं, यह कहकर मोटिवेट किया-अब और अच्छी पढ़ाई करना।



आंगनवाड़ी सहायिका को हटाने की मांग

बनेड़ा। कंकोलिया ग्राम पंचायत के शोभागपुरा गांव में स्थित आंगनवाड़ी कार्यालय में शुक्रवार को आंगनवाड़ी सहायिका को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी कार्यालय के ताला लगा दिया। ग्रामीणों ने सीडीओ को एक ज्ञापन सौंप कर शोभागपुरा में आंगनवाड़ी में कार्यरत आंगनवाड़ी सहायिका गायत्री व्यास को हटाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि आंगनवाड़ी सहायिका गायत्री गांव की महिलाओं के दस्तावेज लेकर फर्जी तरीके से उनका गलत उपयोग करती है।

सुर्खियां

आचार्य ब्राह्मण सेवा समिति का सम्मान समारोह संपन्न

भीलवाड़ा । ग्राम कोटड़ी में आचार्य ब्राह्मण सेवा समिति का सम्मान समारोह चारभुजा मंदिर प्रांगण में रखा गया, जिसमें निम्न अतिथियों द्वारा मूलचन्द आचार्य, देवकिशन आचार्य, सत्यनारायण आचार्य, संतोष आचार्य, कैलाश आचार्य, बद्रीलाल आचार्य जिलाध्यक्ष शाहपुरा, भैरूलाल आचार्य जिलाध्यक्ष भीलवाड़ा सभी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। सभा की अध्यक्षता देवकिशन आचार्य भीलवाड़ा ने की व विशिष्ट अतिथि प्रहलाद सेन, भाजपा कोटड़ी मण्डल अध्यक्ष जमनालाल डीडवानियां, पूर्व प्रधान सुदर्शन गाडोदिया, चारभुजा ट्रस्ट मंदिर अध्यक्ष श्रवण सोनी, पूर्व महामंत्री प्रकाश गाडरी, युवा मोर्चा कोटड़ी मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने आचार्य समाज विकास के लिये विधायक कोटे से दस लाख रूपयें दिलाने का वादा किया। लोकेश आचार्य को श्रेष्ठ परिणाम व श्रेयांश आचार्य को रीट सफलता के लिये प्रत्येक को 5100 रू. की प्रोत्साहन राशि दी गई।

अक्षत-शिवांगी ने जीती शतरंज चैंपियन

भीलवाड़ा। जिला स्तरीय शतरंज -19 (ओपन एवं बालिका वर्ग) प्रतियोगिता का शुभारंभ सर्वोदय शिक्षण संस्थान सेकेंडरी स्कूल संजय कॉलोनी, खेड़ाखूंट माताजी के पास हुआ। सचिव कैलाश डाड ने प्रतियोगिता की संपूर्ण जानकारी दी। 2 दिन तक 5 चक्र में प्रतियोगिता खेली गई। अक्षत कुमार लखारा ने चैंपियनशिप का खिताब जीता।

वाटर पार्क में तोडफोड़ करने के मामले में आधा दर्जन निरूद्ध

जेसीबी व कार जब्त

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र
हमीरगढ़ के निकट वाटर पार्क में गुंडागर्दी, उत्पात मचाने एवं पार्क में जबरन जेसीबी ले जाकर जमकर तोडफोड़ व हवाई फायर कर सनसनी फैलाने के मामले में पुलिस ने 6 लोगों को डिटेन कर लिया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त जेसीबी व कार को भी जब्त कर लिया। गंगरार एसएचओ मोतीराम ने बताया कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। डिटेन आरोपियों से भी पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार वाटर पार्क कर्मचारी गुवारड़ी निवासी दिलीप कुमार व सुखदेव गुर्जर ने रिपोर्ट दी। परिवादी ने बताया कि दोपहर एक बजे पूर्व भाजपा मंडल साडास व पूर्व प्रधान सोनियाणा निवासी देवीलाल जाट कुछ साथियों के साथ चित्तौडगढ़ रोड पर किंग्स वाटर पार्क आए। टिकट का शुल्क चुकाए बिना अंदर घुसने लगे। गेट पर मौजूद कर्मचारियों ने रोका तो राजनीतिक धमकी दी व मारपीट पर उतारू हो गए। फोन कर बड़ी संया में युवकों को वहां बुला लिया। जेसीबी लेकर जबरन वाटर पार्क में घुस गए। वहां जेसीबी से जमकर तोडफोड़ की। वहां मौजूद लोगों के साथ भी मारपीट कर बदसलूकी की। पार्क कर्मचारियों ने उनको रोका तो उन पर हमला कर दिया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पानी से निकल कर लोग इधर-उधर भागने लगे, कई महिलाएं और बच्चे घटना को देख रोने लगे। उत्पात मचा रहे युवकों ने तोडफोड़ कर वहां रखी राशि भी लूट ली थी। हंगामे की सूचना पर डीएसपी सिंह और गंगरार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की थी। उधर पार्क में कुछ लोगों ने तोडफोड़ और उत्पात का वीडियो बना लिया। बाद में यह सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। वीडियो में बड़ी संख्या में युवक उत्पात मचाते नजर आ रहे थे।

आचार्य ब्राह्मण सेवा समिति का सम्मान समारोह संपन्न

भीलवाड़ा । ग्राम कोटड़ी में आचार्य ब्राह्मण सेवा समिति का सम्मान समारोह चारभुजा मंदिर प्रांगण में रखा गया, जिसमें निम्न अतिथियों द्वारा मूलचन्द आचार्य, देवकिशन आचार्य, सत्यनारायण आचार्य, संतोष आचार्य, कैलाश आचार्य, बद्रीलाल आचार्य जिलाध्यक्ष शाहपुरा, भैरूलाल आचार्य जिलाध्यक्ष भीलवाड़ा सभी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। सभा की अध्यक्षता देवकिशन आचार्य भीलवाड़ा ने की व विशिष्ट अतिथि प्रहलाद सेन, भाजपा कोटड़ी मण्डल अध्यक्ष जमनालाल डीडवानियां, पूर्व प्रधान सुदर्शन गाडोदिया, चारभुजा ट्रस्ट मंदिर अध्यक्ष श्रवण सोनी, पूर्व महामंत्री प्रकाश गाडरी, युवा मोर्चा कोटड़ी मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने आचार्य समाज विकास के लिये विधायक कोटे से दस लाख रूपयें दिलाने का वादा किया। लोकेश आचार्य को श्रेष्ठ परिणाम व श्रेयांश आचार्य को रीट सफलता के लिये प्रत्येक को 5100 रू. की प्रोत्साहन राशि दी गई। सचिव रामगोपाल आचार्य ने बताया कि देवकिशन आचार्य ने समाज में बच्चों व बच्चियों की शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया एवं आज की मीटिंग में कैलाश कादीसहना, श्रीमति शारदा देवी भीलवाड़ा व सुश्री मोना आचार्य छात्रसंघ अध्यक्षा शाहपुरा भी मौजूद थी। आज की मीटिंग में सभी कार्यकारिणी पदाधिकारियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

एसआईटी व सीबीआई जांच की मांग

भीलवाड़ा। सिन्धी समाज की नाबालिग पीडिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में शुक्रवार को सिंधी समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर सिंधी सेंट्रल पंचायत के बैनर तले प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर मामले की जांच एसआईटी व सी.बी.आई से कराने की मांग की। अपराध की गंभीरता को देखतें हुए इस सम्पूर्ण प्रकरण की जांच एस.आई.टी, सी.बी.आई. द्वारा किया जाना न्याय संगत एवं न्यायोचित है। इससे इस अपराध में शामिल सभी लोगों का पर्दाफाश कर कानूनी कार्यवाही की मांग की।

अनियंत्रित होकर मिनी ट्रक पलटा एक घायल

भीलवाडा। जिले के सवाईपुर कस्बे के निकटवर्ती ढ़ेलाणा गांव के पास अनियंत्रित होकर एक मिनी ट्रक पलट गया, जिसमें सवार एक युवक घायल हो गया। कांस्टेबल रजनीश कुमार ने बताया कि भीलवाड़ा से कोटा की तरफ जा रहा एक मिनी ट्रक ढ़ेलाणा गांव के पास अनियंत्रित होकर सडक किनारे खाई में जा पलटा, ट्रक में करीब आधा दर्जन लोगों सवार थे, जिसमें ट्रक सवार राजा पिता मोहम्मद तौहिद निवासी बेगूसराय बिहार को घायल हो गया, सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को सवाईपुर चिकित्सालय में भर्ती करवाया।

सवाईपुर में छाया धूल का गुबार

भीलवाडा। जिले के सवाईपुर क्षेत्र सुबह धूल का गुबार छाया रहा, जिसे लोग चिंतित हो गए, की क्षेत्र में धूल भरी आंधी आ सकती है।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
CIN: L74999RJ1992PLC013387
कॉर्पोरेट कार्यालय: 903-909, 9वीं मंजिल, बिगजोस टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, दिल्ली-110034, भारत, **दूरभाष:** 011-27355742, 71239900
पंजीकृत कार्यालय और कार्य: यूनिट I: A-902A, RIICO औद्योगिक क्षेत्र, चरण III, भिवाड़ी-301019, राजस्थान **यूनिट II:** E-540, औद्योगिक क्षेत्र, चोपनकी, भिवाड़ी-301019, राजस्थान **ई-मेल:** hrd@titanbiotechltd.com, accounts@titanbiotechltd.com, purchase@titanbiotechltd.com
वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com, www.tmmedia.in

मेसर्स टाइटन बायोटेक लिमिटेड के इक्विटी शेयरधारकों को नोटिस

विषय: दावा न किये गए लाभांश

प्रिय शेयरधारकों,
हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि कंपनी के रिकॉर्ड और संबंधित बैंक द्वारा प्रस्तुत विवरण के अनुसार, 2016-2017 के लिए लाभांश अभी भी नीचे दिए गए विवरण के अनुसार दावा नहीं किये गए है: -

वर्ष	वारंट नं.	एमआईसीआर नं.	राशि (रु. में)

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 के अनुसार निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षा, अंतरण और वापसी) नियम, 2016 के साथ पठित और आईसीएसआई द्वारा जारी सचिवीय मानक के में लाभांश की राशि जो देय तिथि से 7 (सात) वर्ष की अवधि के लिए दावा न की गई हो, उसे केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि ("IEPF") में स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है। दावा न किए गए लाभांश का विवरण कंपनी की वेबसाइट पर अपडेट किया जाता है और शेयरधारकों को उनके अवैतनिक लाभांश का दावा करने के लिए समय-समय पर अनुस्मारक पत्र भी भेजे जाते हैं। इसके अलावा, वे सभी शेयर जिनके संबंध में लाभांश लगातार सात वर्षों या उससे अधिक समय तक दावा न किया गया हो, उन्हें भी IEPF में स्थानांतरित किया जाएगा।
बकाया लाभांश का दावा करने के लिए, कृपया पहले अपने डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफ़र एजेंट - बीटल फ़ाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड के साथ डीमैट खाते के लिये अपने बैंक के कोर बैंकिंग खाता संख्या और IFSC/MICR सहित सही बैंक विवरण का पंजीकरण सुनिश्चित करें। कृपया अपना दावा संलग्न वचन पत्र/क्षतिपूर्ति पत्र को **सभी मामलों में पूर्ण रूप से** निष्पादित करके या दावा करने के लिए पुराने लाभांश वारंट को **सोमवार, 30 सितंबर, 2024** तक जमा करें। यदि आपने पहले ही अपने लाभांश का दावा कर लिया है, तो कृपया इस पत्र को अनदेखा करें।
दावा न किए गए/अवैतनिक लाभांश की रिहाई के लिए सभी अनुरोधों के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिए:
a) यदि शेयर इलेक्ट्रॉनिक/डीमैटेरियलाइज्ड फॉर्म में रखे गए हैं:
I. मूल दावा न किए गए वारंट, यदि लागू हो;
II. विधिवत निष्पादित आवेदन सह वचन/क्षतिपूर्ति;
III. अपडेटेड क्लाइंट मास्टर लिस्ट की प्रति, पैन कार्ड के साथ रद्द चेक जमा करना होगा। भुगतान उक्त डीमैट खाते के विरुद्ध पंजीकृत बैंक खाते में किया जाएगा
b) यदि शेयर भौतिक रूप में रखे गए हैं:
I. मूल दावा न किए गए वारंट, यदि लागू हो;
II. विधिवत निष्पादित आवेदन सह वचन/क्षतिपूर्ति;
III. निवेशक सेवा अनुरोध फॉर्म ISR-1, फॉर्म ISR-2 और फॉर्म संख्या SH-13 (नामांकन विवरण के लिए) [सामूहिक रूप से "निवेशक अनुरोध फॉर्म"] इसमें बताए गए निर्देशों के अनुसार विधिवत भरा हुआ, साथ ही खाताधारक के रूप में आपके नाम के साथ मूल रद्द चेक लीफ सहित सहायक दस्तावेज। "निवेशक अनुरोध प्रपत्र" कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com पर उपलब्ध हैं। यदि उक्त तिथि तक लाभांश का दावा नहीं किया जाता है, तो आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। हम यह भी बताना चाहेंगे कि इस तरह हस्तांतरित शेयरों के संबंध में भविष्य में कोई भी लाभांश/लाभ, यदि कोई हो, भी IEPF में जमा किया जाएगा। उक्त IEPF नियमों के अनुसार IEPF को हस्तांतरित किए गए अघोषित लाभांश और शेयरों के संबंध में कंपनी या उसके रजिस्ट्रार के खिलाफ कोई दावा नहीं किया जाएगा।
आपके द्वारा धारित शेयरों और दावा न किए गए लाभांश के आईईपीएफ में स्थानांतरण की स्थिति में, आप आईईपीएफ प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र संख्या आईईपीएफ-5 में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करके आईईपीएफ से इसका दावा करने के हकदार हैं।
किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया टाइटन बायोटेक लिमिटेड के कंपनी सचिव विभाग से 011-49096502 या 011-27355742 पर संपर्क करें या cs@titanbiotechltd.com पर ईमेल करें।
कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड के लिए
हस्ता/-
चरणजीत सिंह
कंपनी सचिव
स्थान : दिल्ली
दिनांक : 06/06/2024